## वीयू – डॉ. नायक अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन, सिंगापुर में सम्मानित




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू के पशुधन उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी विभाग में पदस्थ विभाग प्रमुख डॉ नरेंद्र नायक को सिंगापुर में आयोजित कृषि एवं पशुपालन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में उत्कृष्ट शोध हेतु पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. नायक को यह सम्मान उनके द्वारा किए गए शोध कड़कनाथ के कार्यात्मक उत्पाद विषय पर उत्कृष्ट प्रेजेंटेशन हेतु दिया गया। डॉ. बी.पी. शुक्ला ने डॉ. नायक को बधाई देते हुए कहा कि यह पहला मौका है जब महाविद्यालय के प्राध्यापक ने देश के बाहर जाकर अपने शोध को प्रस्तुत कर सम्मान प्राप्त किया। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं अन्य स्टाफ ने डॉ. नायक को इस मौके पर बधाई प्रेषित की। डॉ. नायक ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ मनदीप शर्मा, कुलसचिव, संचालक अनुसंधान सेवाएं, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला एवं एम.पी. सी.एस.टी. भोपाल को शोध हेतु आवश्यक सुविधाएं एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया तथा बताया कि उन्होंने सिंगापुर एवं मलेशिया के वैज्ञानिकों से समसामयिक शोध पर चर्चा की एवं मलेशिया की यू.पी.एम. यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों से अपने शोध पर विचार रखते हुए आज के परिदृश्य में उपभोक्ताओं की आवश्यकता अनुसार कार्यात्मक मीट उत्पाद पर जोर दिया। इस हेतु मलेशिया यूनिवर्सिटी में डॉ. नरेंद्र नायक को प्रशस्ति पत्र भी दिया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर